दैनिक
# न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, रविवार 17 नवम्बर 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### कंपनी का छत बदली काम कराते समय दो मजदूर ऊंचाई से गिरे, एक घायल, एक की मौत

**» ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज**

**रायपुर (आरएनएस)।** कंपनी के छत का सीट बदली करते समय ऊंचाई से दो मजदूर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें मेडिसाइन अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां एक मजदूर की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना खमतराई रायपुर निवासी जागरण दास मानिकपुरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का बेटा सोनूदास मानिकपुरी 30 वर्ष एवं मुरली टेकाम 21 वर्ष पिता छोटे लाल निवासी खुर्सीपार भिलाई जय अंबे वार्ड रावाभाठा के बंजारीभाठा के पीछे खमतराई में ठेकेदार फकरुदीन खान पिता वरीश इमामखान निवासी शहीद नगर खमतराई के अंडर में काम करते थे। 13 मई 2018 को ठेकेदार द्वारा कंपनी का ऊंचाई पर चढ़ाकर सीट बदली कराने के दौरान दोनों मजदूर नीचे गिर गए जिसके चलते उन्हें मेडिसाइन अस्पताल में भर्ती किया गया था ईलाज के दौरान सोनूदास मानिकपुरी की मौत हो गई। ठेकेदार द्वारा ऊंचाई पर चढ़े मजदूरों की सेफ्टी का ध्यान नहीं रखते हुए लापरवाहीपूर्वक बिना सेफ्टी बेल्ट के ऊंचाई पर काम करने के दौरान हादसा हुआ। पुलिस ने जांच के बाद ठेकेदार के खिलाफ धारा 288, 337, 304 ए के तहत

### अवैध परिवहन, 100 कट्टा धान बरामद

**महासमुंद (आरएनएस)।** मंडी ने अवैध रूप से धान परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। कृषि उपज मंडी समिति सरायपाली ने गुरूवार को ग्राम अर्जुडा के अजीत भोई को 100 कट्टा धान अवैध परिवहन करते पकड़ा। जिस पर मंडी अधिनियम के तहत 5 गुना कार्रवाई करते हुए 5304 रुपए मंडी एवं निराश्रित शुल्क वसूल किया गया। मंडी सचिव जीए अग्रवाल ने बताया कि अवैध रूप से धान बेचने वालों पर इसी प्रकार लगातार कार्रवाई की जाएगी।

### कुंआ में मिला लापता बच्चो का शव

**कोरबा (आरएनएस)।** एक बच्चे का शव बाड़ी में स्थित कुंआ में मिला है। यह बच्चा शुक्रवार से लापता था। पुलिस सहित कई स्तर पर इसकी सूचना दी गई। खोजबीन के प्रयासों के दौरान आज शव पाया गया। माना जा रहा है कि खेलने के दौरान वह कुंआ में गिरा होगा। अन्य कारण भी जांच की प्रक्रिया का हिस्सा होंगे। कटघोरा थाना क्षेत्र के सुतर्रा में चार वर्षीय बालक श्रेयास पोर्ते को आज मृत स्थिति में पाया गया। वह 15 नवंबर को दोपहर 3 बजे से लापता था। बालक के नहीं दिखने पर परिजन चिंतित हुए। आसपास में उसे तलाशा गया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। यह समझते हुए कि वह कहीं चला गया होगा, इस बारे में सोशल मीडिया पर सूचना प्रसारित की गई। परिणाम नहीं आने पर स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया। मामला बच्चे के लापता होने का था इसलिए पुलिस हरकत में आयी। शुक्रवार से ही उसकी तलाश का काम शुरू किया गया। थाना प्रभारी रघुनंदन शर्मा ने बताया कि आज सुबह श्रेयांस का शव उसके घर के पीछे की बाड़ी में स्थित कुएं में पाया गया। उसकी टोपी नजर आने के बाद कुंआ में जाल डाला गया। इसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो गई। पुलिस ने फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया है। श्रेयांस की मौत किस स्थिति में हुई, जांच का विषय है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### रेलवे स्टेशन में पलायन कर रहे मजदूरों का लगा रहा मजमा

**महासमुंद (आरएनएस)।** कोमाखान रेलवे स्टेशन में गुरवार सुबह पलायन कर रहे मजदूरों का मजमा लगा रहा। जानकारी के अनुसार इन दिनों कोमाखान क्षेत्र के गांव-गांव से बड़ी संख्या में मजदूर महिला-पुरुष दलालों के माध्यम से दूसरे प्रदेश भेजे जा रहे हैं। बताया जाता है कि गांव-गांव में दलाल घूम रहे हैं। रकम एडवांस देकर और अधिक मजदूरी का झांसा देकर दलाल मजदूरों को पलायन करने के लिए बाध्य करते हैं। दूसरे प्रदेशों में भेजकर वहां के ईट भट्ठों में झोंक देते हैं। जिले के अनेक क्षेत्रों से बहुसंख्य मजदूर रोजी-रोटी की तलाश में हर साल पलायन करते हैं। मजदूरों के पलायन की शिकायतों के संबंध में बागबाहरा एसडीएम बीपी जायसवाल का कहना है कि गुरवार को वे मीटिंग में व्यस्त थे। पूर्व में एक-दो बार सूचना मिली थी, हमने तत्काल चेक कराए थे, लेकिन मौके पर ऐसा कुछ नहीं मिला।

### बस्तर के हाट-बाजारों में दिखती है बस्तरिया संस्कृति की झलक

**जगदलपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के सबसे बड़े बस्तर संभाग में अब दशहरा मेले के पश्चात स्थानीय स्तर पर हाट-बाजारों व मड़ई के आयोजन का सिलसिला शुरू होने ही वाला है और इनमें बस्तरियां संस्कृति की झलक अपने आप दिखाई दे जाती है। इस प्रकार बस्तरियां संस्कृति की सभी क्षेत्रों की झलक संभाग के विभिन्न अंचलों में दिखती है। एकता में विविधता को देखने के लिए स्थानीय ही नहीं देशी-विदेशी यात्री भी यहां पर्याप्त मात्रा में पहुंचते हैं। यह हाट-बाजार का आयोजन स्थानीय लोगों को अपने दूरस्थ रिश्तेदारों से मिलने और सुख-दुख जानने का भी माध्यम होता है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय आदिवासियों की सभ्यता व संस्कृति की झलक इन बाजारों में व हाटों में तो दिखाई देती ही है। अपने रिश्तेदारों व एक-दूसरे गांव में रहने वाले सगे संबंधियों परिचित से मेल मिलाप सुख-दुख पर बातचीत और दैनिक आवश्यकता के वस्तुओं का क्रय विक्रय भी होता है। इसके साथ ही ग्रामीण इन मेलों, हाट-बाजारों के माध्यम से अपने पुत्र-पुत्रियों का भी संबंध तय करते हैं। साथ ही समरस्ता बनाये रखने की कोशिश भी करते हैं। जहां इन हाट-बाजारों से लाभ भी होता है, वहीं इन हाट बाजारों में आजकल सबसे बड़ा दुर्गुण मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय से भी होता है। बाजारों व मेलों में महुआ व अन्य पदार्थों से बनी शराब व सल्फी भी बड़ी मात्रा में खुले रूप में बिकती है और नशे में चूर होकर लोग मुर्गा लड़ाई पर दांव लगाकर अपनी गाढ़ी पसीने की कमाई को भी खो देते हैं।

# फिल्म अभिनेत्री माया साहू पर अज्ञात बदमाश ने फेका ज्वलनशील केमिकल, अस्पताल में भर्ती

**भिलाई (आरएनएस)। फिल्म अभिनेत्री माया साहू पर शनिवार सुबह एक अज्ञात बदमाश ने उनके घर के समीप ज्वलनशील पदार्थ फेंक कर फरार हो गया जिसके बाद अभिनेत्री माया साहू को दुर्ग स्थित जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।**

**» सुपेला थाना क्षेत्र के पाँच रास्ता इलाके की घटना**



मिली जानकारी के अनुसार अभिनेत्री माया साहू अपने सुपेला 5 रास्ता स्थित निवास के बाहर में खड़ी थी तभी एक अज्ञात बाइक सवार बदमाश ने माया साहू के ऊपर ज्वलनशील केमिकल डाल दिया केमिकल डालने के बाद माया साहू के हाथ एवं चेहरे के कुछ हिस्सों में जलन होने लगी जिसके बाद माया साहू के परिजनों ने उसे जिला चिकित्सालय उपचार के लिए दाखिल कराया इधर घटना की सूचना मिलते ही इलाके के सुपेला थाना पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है पांच रास्ता एवं सुपेला तथा आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अज्ञात आरोपियों का पतासाजी में पुलिस कर रही है।

## कोरिया के व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ के हैण्डलूम उत्पाद को खरीदने में दिखाई रूचि

**» भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला**



**रायपुर (आरएनएस)।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में कोरिया के व्यापारिक दल ने छत्तीसगढ़ के हैण्डलूम विशेषकर कोसा के लिये व्यापारिक समझौता करने की सहमति दी है। दल ने हैण्डलूम व हाथकरघा के अधिकारियों से चर्चा कर कोरिया देश में छत्तीसगढ़ के हैण्डलूम उत्पादों को भेजने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने को कहा है। उल्लेखनीय है कि 14 से 27 नवम्बर तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ का पवैलियन व्यापारिक दलों और आगंतुकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

## श्याम सुंदर गुप्ता रायपुर और आलोक सहाय बिलासपुर के नये डीआरएम

**रायपुर (आरएनएस)।** श्याम सुंदर गुप्ता को रायपुर रेल मंडल के नये प्रबंधक बनाए गए है, वहीं आलोक सहाय को बिलासपुर रेल मंडल का प्रबंधक बनाया गया है।

रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेश में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल एवं बिलासपुर रेल मंडल में नये मंडल रेल प्रबंधकों की पदस्थापना की गई है। जिसके अनुसार रायपुर मंडल के नये रेल मंडल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता को बनाया गया है। वर्तमान में वे मध्य रेलवे में पदस्थ हैं। गुप्ता भारतीय रेलवे ट्रैफिक सेवा (आईआरटीएस) अधिकारी है एवं रायपुर मंडल के वर्तमान मंडल रेल प्रबंधक कौशल किशोर का स्थान लेंगे। इसी प्रकार आलोक सहाय वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मुख्यालय में चीफ इलेक्ट्रिक लोको इंजीनियर (सीईएलई) के पद पर कार्यरत है एवं भारतीय रेलवे के विद्युत सेवा (आईआरएसइइ) के अधिकारी है। वे बिलासपुर रेल मंडल में वर्तमान में मंडल रेल प्रबंधक आर. राजगोपाल के स्थान लेंगे।

## अंबिकापुर से आए चोर गिरोह गिरफ्तार : नौ बैटरी सहित स्कार्पियों जप्त, एक आरोपी फरार

**कोरबा (आरएनएस)।** अंबिकापुर से आकर कोरबा जिले के बांगों एवं कटघोरा तथा पाली थाना क्षेत्रों में सड़क मार्ग पर खड़े वाहनों से बैटरी चोरी कर वहां ले जाकर उसमें नया लेबल लगाकर बिक्री करने वाले चोर गिरोह एक सदस्य को स्कार्पियों में चोरी कर रखी 9 नग बैटरी समेत घेराबंदी के दौरान गत रात्रि पकड़ लिया गया। जबकि उसका दूसरा साथी मौके से भाग निकलने में कामयाब हो गया। जानकारी के अनुसार अंबिकापुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 42 नवागढ़ महल चौक निवासी मो.सुहेल अख्तर उम्र 22 पिता मेहमुदीन




खान गत रात्रि स्कार्पियों क्रमांक सीजी 15 सी वाई 2311 से अपने एक साथी के साथ कोरबा जिले के बांगों थाना अंतर्गत ग्राम बंजारी मड़ई रोड में देर रात को पहुंचा। वहां बंजारी निवासी अमित कुमार जायसवाल के दरवाजे के सामने रोड किनारे उसका ट्रैक्टर खड़ा किया गया था। इस दौरान मो. सुहेल अपने वाहन में था जबकि उसका दूसरा साथी खड़ी ट्रैक्टर से बैटरी चोरी करने के लिए लोगों को आने जाने या जागने के हालात की रेकी कर रहा था। उस दौरान कुछ आवाज होने पर अपने मकान के बरामदे में सोये अमित जायसवाल को संदेह हुआ। जिसके कारण स्कार्पियों खड़ी करने वालों एवं उसके ट्रैक्टर के आगे पीछे चक्कर लगाकर रेकी करने वाले संदेही की भी वह भी रेकी करने लगा। बताया जाता है कि अमित जायसवाल ने ट्रैक्टर की रेकी करने वालों के संबंध में बांगों टीआई एसएस पटेल एवं अपने मित्र गुरसियां निवासी भोला गोस्वामी को भी रेकी करने वाले संदेही की नजरों से बचकर अपने घर में जाकर मोबाइल से सूचना दे दिया। इस तरह की ठोस सूचना मिलते ही बांगों टीआई पटेल अपने हमराह एएसआई लहरे, प्रधान आरक्षक नवीन सोनकर, आरक्षक टाईगर एवं खम्मन सिंह के साथ वहां पहुंचे और घेराबंदी कर सुहेल को 9 बैटरियों के साथ स्कार्पियों में बैठे हालत में पकड़ लिया।

## ओडिशा से आने वाले अवैध धान पर नजर रखने बनाई गई 17 चौकियां

**» मंडी, पंचायत, नगर सेना और वन विभाग के कर्मचारी करेंगे निगरानी**

**महासमुंद (आरएनएस)।** अन्य राज्यों से होने वाले धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए जिले में 17 जांच चौकियां स्थापित की गई है। इन चौकियों के प्रभारी क्षेत्र के तहसीलदार होंगे। हर चौकी में मंडी, पंचायत, नगर सेना और वन विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त टीम निगरानी करेगी। शुक्रवार को इस संबंध में कलेक्टोरेट में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सुनील कुमार जैन, एसपी जितेंद्र शुक्ल के साथ राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि उपज मंडी, जिला सेनानी के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले के बाहर से परिवहन करके लाए जाने वाले धान के खिलाफ मंडी अधिनियम के तहत



धान एवं वाहन जप्त कर अभियोजन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा प्रत्येक तहसील में उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है। जिसमें राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, मंडी एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी शामिल हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी तहसीलदार जांच चौकियों के स्थल का परीक्षण कर लें। साथ ही नई चौकी स्थापित करने की आवश्यकता पर प्रस्ताव बनाकर भेजें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सूने मकान का ताला तोड़कर हजारों के जेवरात चोरी कर लिए चोर, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर चोरी किए जाने की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नकटा गांधी नगर मंदिर हसौद निवासी डॉ. स्वागत सासमल 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 14 नवंबर को ग्राम नकटा गांधी नगर में प्रार्थी का मकान का ताला तोड़कर किसी अज्ञात चोर ने कमरे में प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात कीमत 80 हजार 6 सौ रुपये की चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## आपसी विवाद में पति ने पत्नी पर किया धारदार हथियार से जानलेवा हमला, गिरफ्तार

**» हमले के दौरान महिला की हथेली कटी**

**भिलाई (आरएनएस)।** आपसी विवाद के बाद अलग रह रही पत्नी की पति ने धारदार हथियार से हमला किया। जिसके चलते महिला की हथेली कटकर अलग हो गया। इलाज के लिए उसे आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार शिशिर मजूमदार की शादी 4 साल पहले प्रेरणा मजूमदार से हुई थी। पिछले कुछ महीने से पति-पत्नी के बीच विवाद होने के चलते दोनों अलग-अलग रह रहे थे। प्रेरणा मजूमदार स्कूल बस में कंडेक्टर के रूप में कार्यरत है। शुक्रवार को शिशिर मजूमदार ने अपनी पत्नी प्रेरणा को बात करने के बहाने जुनवानी सुपेला में बुलाया। बातचीत के दौरान पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो जाने पर शिशिर मजूमदार ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया।

हमला होता देख खुद को बचाने के प्रेरणा मजूमदार ने हाथ से रोकना चाहा लेकिन वार होते ही उसकी हथेली कटकर अलग हो गई। सड़क किनारे घटना को देख आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# शार्ट सर्किट से दुग्ध वाहन में लगी आग

**कोरबा (आरएनएस)।** एक दूध वाहन में आगजनी से काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनिमत रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। घटना के लिए शार्ट सर्किट को अहम कारण बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

आज दोपहर 12 बजे के आसपास यह घटना साउथ ईस्टर्न कोलफ ील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र के मुख्य चिकित्सालय परिसर में हुई। इस बारे में जो सूचनाएं मिली। उनमें बताया गया कि एक पिकअप का उपयोग दूध आपूर्ति वाहन के रूप में किया जाता है। इसका मालिक राजेंद्र साहू आज वाहन को चिकित्सालय परिसर में खड़ा करने के बाद मुड़पार साप्ताहिक



बाजार गया हुआ था। उसी दौरान वाहन की वायरिंग में शार्ट सर्किट हो गया। इसके नतीजन वाहन में आग लग गई। आग की लपट देखने पर अस्पताल परिसर में मौजूद कर्मी सक्ते में आ गए। खबर होने पर आसपास के लोग भी यहां तमाशा देखने पहुंचे। इस बीच कुछ ने आग बुझाने की कोशिश की। कुछ देर के पश्चात वाहन चालक यहां आया। उस समय तक पिकअप का काफी हिस्सा प्रभावित हो चुका था। बताया गया कि शार्ट सर्किट होने से ही वाहन में आग लगी। इसके अलावा और किसी तरह का कारण घटनाक्रम के सिलसिले में नजर नहीं आता। फि र भी इस बारे में मानिकपुर पुलिस को अवगत कराया गया। तथ्यों के आधार पर इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.पी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के महापुरुषों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU